<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृह विज्ञान महाविद्यालय में कुशल उद्यमी बनाने हेतु वेबिनारों का आयोजन

पंतनगर। 21 अक्टूबर 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में चल रहे 'उद्यमिता विकास कार्यक्रम' के अन्तर्गत 17 अक्टूबर को 'बेकिंग ऐज एन एंटरप्राईजेज' विषय पर आर.एस.ई.टी.आई में ट्रेनी श्रीमती मीनू गर्ग ने चर्चा की और विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के केक बनाना सिखाया। 20 अक्टूबर को मरहाकी फूड्स एवं न्यूट्रीशन प्राईवेट लिमिटेड के संस्थापक व सी.ई.ओ, श्री अंकुर गोयल ने उद्यमी बनने के सफर में आने वाली चुनौतियों एवं अवसरों पर विचार विर्मश किया। श्री गोयल ने आयुर्वेद व पोषण विज्ञान को मिलाकर नए खाद्य पदार्थ बनाने के बारे में बताया। कार्यक्रम में निदेशक सेवायोजन एवं परामर्श, डा. आर.एस. जादौन एवं अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल ने भी प्रतिभाग किया। इन वेबिनार के आयोजन में डा. सीमा क्वात्रा, डा. नीतू डोभाल, डा. अनुपमा पाण्डे, डा. शैफाली मैसी एवं डा. दिव्या सिंह का सहयोग रहा।